खाटू में विराजे बाबा श्याम | By Pulkit Singla

वो जो खाटू में विराजे बाबा श्याम
चलो जी पिया दर्श करें
चलो जी पिया दर्श करें
उनकी गोदी में मिले है आराम
चलो जी पिया दर्श करें
वो जो खाटू में विराजे ....

मस्तक पर मालियागिरि चन्दन केसर तिलक लगाया
मोर मुकुट कानो में कुण्डल नैनन कजरा लगायो
इनकी मोहिनी छवि पे दिल थाम
चलो जी पिया दर्श करें
वो जो खाटू में विराजे ....

लीले चढ़ कर आयो रे संवररो तीन बाण को धारी
बदल बदल कर बाघों पहने देखें सब नर नारी
इनके झाड़े से बने हैं सब काम
चलो जी पिया दर्श करें
वो जो खाटू में विराजे ....

बागां से कलियाँ चुन चुन कर सुन्दर हार बणायो
सवा रूपया एक नारियल बाबा को है चढ़ायो
मैं तो पैदल चलकर आई खाटू धाम
चलो जी पिया दर्श करें
वो जो खाटू में विराजे ....

हर ग्यारस पर चाहूँ बाबा मैं तो खाटू आना
मीठ मीठे भजन सुनकर चाहूँ तुझे रिझाना
रेखा पुलकित भी करे है मनुहार
चलो जी पिया दर्श करें
वो जो खाटू में विराजे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be/